# POLICE COMMISSIONERATE

# GAUTAM BUDH NAGAR

## सराहनीय कार्य/ प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 06.11.2022

**1-थाना सेक्टर-142 नोएडा पुलिस द्वारा घर से चोरी करने वाली घरेलू सहायिका गिरफ्तार, कब्जे से 01 हसली सोने की, 02 जोड़े बुन्दे सोने की, 01 माला आर्टिफिसियल, 08 सिक्के चाँदी के, 01 सफेद मोतियो की कनौती, 02 कंगन सोने के, 01 कंगन आर्टिफिसियल व 1 लाख 90 हजार रूपये नगद बरामद।**

दिनांक 06.11.2022 को थाना सेक्टर-142 नोएडा पुलिस द्वारा घर से चोरी करने वाली घरेलू सहायिका ममता देवी पत्नी गोविन्द पता निवासी ग्राम भौराजपुर, थाना जाफरगंज, जिला फतेहपुर वर्तमान पता निवासी सुनील शर्मा का किराये का मकान, अम्बेडकर पार्क के पास, हनुमान मन्दिर के पीछे, झण्डापुर, थाना साहिबाबाद, जिला गाजियाबाद को थाना क्षेत्र के सेक्टर-142 एडवान्ट टावर के सामने, हाईवे पर परीचौक की तरफ जाने वाले रास्ते पर से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्ता के कब्जे से 01 हसली सोने की, 02 जोड़े बुन्दे सोने की, 01 माला आर्टिफिसियल, 08 सिक्के चाँदी के, 01 सफेद मोतियो की कनौती, 02 कंगन सोने के, 01 कंगन आर्टिफिसियल व 1 लाख 90 हजार रूपये नगद बरामद हुए है।

**घटना का विवरणः**

वादिया श्रीमती नीरजा नारायण पत्नी स्वं विजया नारायण निवासी टावर-3, पूर्वांचल रायल सोसाइटी, सेक्टर-137 द्वारा तहरीर दी गई थी की उनकी देखरेख में लगी घरेलू सहायिका ममता देवी द्वारा उनके आभूषण व एटीएम कार्ड से पैसे चोरी कर लिये गये है। जिसके आधार पर थाना सेक्टर-142 पर मु0अ0सं0 113/22 धारा 381 भादवि0 पंजीकृत किया गया था।

**अभियुक्ता का विवरणः**

ममता देवी पत्नी गोविन्द पता निवासी ग्राम भौराजपुर, थाना जाफरगंज, जिला फतेहपुर वर्तमान पता निवासी सुनील शर्मा का किराये का मकान, अम्बेडकर पार्क के पास, हनुमान मन्दिर के पीछे, झण्डापुर, थाना साहिबाबाद, जिला गाजियाबाद।

**पंजीकृत अभियोग का विवरणः**

मु0अ0सं0 113/22 धारा 381/411 भादवि0 थाना सेक्टर-142, गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी का विवरणः**

1.01 हसली सोने की, 2.02 जोड़े बुन्दे सोने की, 3.01 माला आर्टिफिसियल, 4.08 सिक्के चाँदी के, 5.01 सफेद मोतियो की कनौती

6.02 कंगन सोने के, 7.01 कंगन आर्टिफिसियल, 8.01 लाख 90 हजार रूपये नगद

**2-थाना कासना पुलिस द्वारा लूट के अभियोग में वांछित 03 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से लूट के 04 मोबाइल फोन बरामद।**

दिनांक 05.11.2022 को थाना कासना पुलिस द्वारा लूट के अभियोग में वांछित 03 अभियुक्त 1.मोहित पुत्र लखपत सिहं निवासी ग्राम मैंथना जगतपुर, थाना औरंगाबाद, जिला बुलन्दशहर 2.तरुण पुत्र प्रदीप निवासी ग्राम खानपुर, थाना कासना, जिला गौतमबुद्धनगर 3.कपिल पुत्र रणधीर सिहं निवासी ग्राम भावसी, थाना औरंगाबाद, जिला बुलन्दशहर को थाना क्षेत्र के चौकी घंघोला के सामने से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से लूटा गया एक मोबाइल फोन रीयल मी 6 प्रो रंग काला सम्बन्धित मु0अ0सं0 254/2022 धारा 392 भादवि व 03 अन्य मोबाइल फोन बरामद हुए है।

वादी दिलवेश गौतम पुत्र देवेन्द्र सिंह निवासी मीर पुर बगवाला, थाना अगोता, बुलन्दशहर ने स्पेलेन्डर बाइक पर सवार 03 अज्ञात लडकों द्वारा वादी का मोबाइल रियल मी 6 प्रो छीनकर ले जाने के सम्बन्ध में थाना कासना पर मु0अ0स0 254/2022 धारा 392 भादवि पंजीकृत कराया गया था। थाना कासना पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही कर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में लूटा गया मोबाइल फोन के साथ-साथ विभिन्न जगहों से लूटे गये 03 अन्य मोबाइल फोन ओप्पो कम्पनी, मोबाइल सेमसंग जे-2, व एक आइफोन रंग सफेद बरामद हुए है।

**अभियुक्तों का विवरणः**

1.मोहित पुत्र लखपत सिहं निवासी ग्राम मैंथना जगतपुर, थाना औरंगाबाद, जिला बुलन्दशहर।

2.तरुण पुत्र प्रदीप निवासी ग्राम खानपुर, थाना कासना, जिला गौतमबुद्धनगर।

3.कपिल पुत्र रणधीर सिहं निवासी ग्राम भावसी, थाना औरंगाबाद, जिला बुलन्दशहर।

**पंजीकृत अभियोग का विवरणः**

1.मु0अ0सं0 254/2022 धारा 392,411 भादवि थाना कासना, जिला गौतमबुद्धनगर।

2.मु0अ0सं0 255/2022 धारा 414 भादवि थाना कासना, जिला गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी का विवरणः**

लूट के 04 मोबाइल फोन

**3-थाना फेस-1 नोएडा पुलिस द्वारा जानलेवा हमला करने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध चाकू(छूरी) बरामद।**

दिनांक 06.11.2022 को थाना फेस-1 नोएडा पुलिस द्वारा जानलेवा हमला करने वाला 01 अभियुक्त जितेन्द्र सिंह पुत्र विश्वनाथ सिंह निवासी फुलुई, थाना घनघटा, जिला सन्तकबीर नगर, उत्तर प्रदेश वर्तमान पता सतपाल गुर्जर का मकान, हरौला, सेक्टर-5, थाना फेस-1, नोएडा को थाना क्षेत्र के नोएडा अथोरिटी पार्क सेक्टर-6 नोएडा से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध चाकू(छूरी) बरामद की गई है।

अभियुक्त व वादी मुजम्मिल पुत्र सलीम निवासी बिशनपुरा, थाना सेक्टर-58, नोएडा 06 माह पूर्व एक ही जगह पर काम करते थे, जहां से अभियुक्त को काम पर से निकालने के कारण वह वादी से रंजिश रखने लगा था। दिनांक 06/11/2022 अभियुक्त द्वारा वादी के ऊपर जाने से मारने की नियत से चाकू से हमला किया गया था जिसके सम्बन्ध में वादी की तहरीर पर मु0अ0सं0 551/22 धारा 307 भादवि पंजीकृत किया गया है।

**अभियुक्त का विवरणः**

जितेन्द्र सिंह पुत्र विश्वनाथ सिंह निवासी फुलुई, थाना घनघटा, जिला सन्तकबीर नगर, उत्तर प्रदेश वर्तमान पता सतपाल गुर्जर का मकान, हरौला, सेक्टर-5, थाना फेस-1, नोएडा।

**पंजीकृत अभियोग का विवरणः**

मु0अ0सं0 551/22 धारा 307 भादवि थाना फेस-1, नोएडा।

बरामदगी का विवरणः

01 अवैध चाकू(छूरी)

**#वामा सारथी पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन गौतमबुद्धनगर यूनिट की अध्यक्षा श्रीमती आकांक्षा सिंह पत्नी पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर आलोक सिंह के नेतृत्व में एक्स्ट्रामार्क्स-लर्निंग ऐप द्वारा सरस्वती कक्ष (लाइब्रेरी) पुलिस लाइन्स, गौतमबुद्धनगर में 90 बच्चों को कंपटीशन टेस्ट व कक्षा 1-12 तक की फ्री स्मार्ट क्लास प्रारम्भ की गयी।**

दिनांक 05/11/2022 को वामा सारथी पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन गौतमबुद्धनगर यूनिट की अध्यक्षा श्रीमती आकांक्षा सिंह पत्नी पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर आलोक सिंह के नेतृत्व में एक्स्ट्रामार्क्स-लर्निंग ऐप द्वारा सरस्वती कक्ष (लाइब्रेरी) पुलिस लाइन्स, गौतमबुद्धनगर में 90 बच्चों को कंपटीशन टेस्ट व कक्षा 1-12 तक की फ्री स्मार्ट क्लास प्रारम्भ की गयी। इस स्मार्ट क्लास में उपस्थित सभी बच्चों व उनके साथ आए अभिभावकों को श्रीमती आकांक्षा सिंह द्वारा अपना अनुभव साझा करते हुए जीवन में नियम बनाकर आगे बढ़ने, पढ़ाई मन लगाकर करने, पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक विकास हेतु व्यायाम/योग भी करने तथा रुचि के अनुसार विषय चुनकर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

एक्स्ट्रामार्क्स लर्निंग ऐप के एक्सपर्ट्स द्वारा भी सभी बच्चों को कंपटीशन एग्जाम व उनके विषयों के संबंध में जानकारी दी गई तथा बताया गया स्मार्ट क्लास के माध्यम से उन्हे फ्री कोचिंग के साथ साथ फ्री टेस्ट सीरीज व अन्य सुविधाएं भी दी जाएंगी। बच्चों द्वारा एक्स्ट्रामार्क्स लर्निंग ऐप के एक्सपर्ट्स से सवाल भी किए गए जिनका एक्सपर्ट्स द्वारा जवाब दिया गया।